# U. S. OSTWAL INTERNATIONAL SCHOOL

OSTWAL WONDER CITY, BOISAR (E)

Term –I (2023-24)

Name : ______________________ Time:2 H.30 min

Grade : IV Date: / /23

Roll no. ________ Max Marks: 80

Subject: Hindi

**General Instructions:**

- All questions are compulsory
- Do not write the questions. Directly write the answers.
- Write the paper neatly. Reading time: 15 minutes.

**(खंड – क) अपठित अवबोधन)**

**प्रश्न.1 नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

एक बार स्वामी विवेकानंद अमेरिका में भाषण देने गए। शाम के समय वे नदी के किनारे टहल रहे थे। वहाँ उन्होंने देखा कि कुछ बच्चे नदी में बहते अंडों के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगा रहे हैं। परंतु उनका कोई निशाना नहीं लग रहा। यह देखकर स्वामी जी ने उन बच्चों से बंदूक ली और स्वयं बहते हुए अंडों के छिलकों पर निशाना लगाने लगे। उनके सभी निशाने सही लगे। सभी बच्चे हैरान रह गए। बच्चों ने पूछा- " आपके सभी निशाने सही कैसे लगे?" स्वामी जी बोले-"यदि हम निशाना लगाते समय अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखेंगे तो हम अपने लक्ष्य से कभी नहीं चूकेंगे और हमारा निशाना एकदम सही लगेगा। अगर यही सीख तुम जीवन में अपनाओगे तो जीवन के हर क्षेत्र में सफल होगे।

(क) स्वामी जी भाषण देने कहाँ गए ?

(ख) बच्चे नदी के किनारे क्या कर रहे थे?

(ग) बच्चे हैरान क्यों रह गए ?

(घ) मृत्यु का विलोम गद्यांश से ढूंढ कर लिखें।

(ङ) खाली स्थान **भरिए।**

शाम के समय नदी के किनारे ____ रहे थे।

**(खंड – ख पठित अवबोधन)**

**प्रश्न.2 नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (4)

एक बार की बात है जब तिलक पाठशाला में पढ़ते थे। एक दिन गुरुजी कक्षा में पढ़ा रहे थे। तिलक अपने सहपाठी से बातें कर रहे थे। गुरुजी ने उन्हें बातें करते देख लिया। पाठ खत्म करने के बाद गुरुजी ने उन दोनों को खड़ा करके पाठ के बारे में प्रश्न पूछे। तिलक ने तुरंत सारे उत्तर बता दिए। अब उनके सहपाठी की बारी थी। गुरुजी ने उससे भी प्रश्न पूछे परंतु वह कुछ भी न बता सका। वह दृष्टि नीचे किए खड़ा रहा। यह देखकर गुरुजी को क्रोध आ गया। वे बोले –"यदि तुम कक्षा में बातें करोगे तो पाठ कैसे याद होगा?"

क) तिलक किस से बात कर रहे थे?

ख) कक्षा में गुरु जी को क्रोध क्यों आ गया?

ग) **दृष्टि** का पर्यायवाची लिखें।

घ) **क्रोध** का विलोम लिखें।

**प्रश्न.3 नीचे दिए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (3)

कई-कई नदियों का घर है
उसमे हैं ये आतीं
अमृत जैसा अपना ये हैं
मीठा पानी लातीं ।

सुंदर हरियाली को अपने
सिर पर धरे हुए है
जाने कितने गुण पर्वत
अपने में भरे हुए है।
गौरव इसका अब बढ़ने से
कभी न रुकनेवाला
भारत का यह ऊँचा मस्तक
कभी न झुकनेवाला ।

क) नदियों का घर किसे कहा गया है?
ख) **कड़वा** का विलोम पद्यांश से ढूंढ कर लिखें।
ग) **पहाड़** का पर्यायवाची पद्यांश से ढूंढ कर लिखें।

**प्रश्न 4. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

क) शहद बनाने के लिए मधुमक्खियां कहा से रस चूसती हैं?
ख) अक्षिता कौन-से विषय में कमजोर थी?
ग) गुरुजी ने सहपाठी को क्या दंड दिया?
घ) अक्षिता स्कूल से लौटने पर क्यों उदास थी?
ङ) पर्वत कैसे हैं?

**प्रश्न 5.सही कथन पर (✓) और गलत पर (×) का निशान लगाइए।** (5)

क) लोकमान्य तिलक स्वतंत्रता सेनानी और समाज-सुधारक थे।
ख) लोकमान्य तिलक ने अपनी गलती स्वीकार नहीं की।
ग) डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के तीसरे राष्ट्रपति थे।
घ) डॉ. राजेंद्र प्रसाद अत्यंत सरल हृदय तथा विनम्र स्वभाव के थे।
ङ) तुलसी के हाथ से पेन गिरकर टूट गया।

**प्रश्न 6. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (लिखित)** (8)

क) रानी मक्खी का क्या कार्य है?
ख) चंदा सबसे पहले किस पर अपने किरणें बिखराता है?
ग) अक्षिता की रिपोर्ट क्यों खराब रहती थी?
घ) डॉ राजेंद्र प्रसाद अपने टूटे हुए पेन को देखकर क्यों दुखी हुए?

**प्रश्न 5. सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए।** (3)

1.सोनाली_______आम खाया।
2.यश ने वैभव _____बुलाया।
3.मधुमक्खियां छत्ता बनाकर समूह ____रहती हैं।

**प्रश्न 6.प्रश्नो के उत्तर दीजिए।** (6)

क) तिलक में देशवासियों को कौन सा पाठ पढ़ाया?
ख) अक्षिता ने पूरे विद्यालय में कौन सा स्थान प्राप्त किया?
ग) जादुई एंटीना किस काम आते हैं?

**प्रश्न 7.दीर्घ उत्तरीय प्रश्न।** (6)

क) अक्षिता की परेशानी का क्या कारण था?
ख) हिमालय को भारत का ऊंचा मस्तक क्यों कहा गया है?

**प्रश्न 8.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** (2)

क) मधुमक्खियों का जीवन __________ होता है। (धार्मिक/सामाजिक)
ख) मधुमक्खियाँ बहुत ही __________ जीव हैं। (उपयोगी/अनुपयोगी)

## (खंड – ग व्याकरण अवबोधन)

प्रश्न 9. दिए गए शब्दों के समान अर्थवाले शब्द चुनकर लिखिए। (2)

(झुंड, मधु, मेहनती, मनोरंजक)

शहद – ______ रोचक – ______

परिश्रमी – ______ समूह – ______

प्रश्न 7. प्रत्येक पंक्ति में से उस शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए, जो पर्यायवाची नहीं है। (3)

1. पर्वत ( ) पहाड़ ( ) गिरी ( ) तरंग ( )
2. पानी ( ) अरविंद ( ) जल ( ) नीर ( )
3. नदी ( ) सरिता ( ) तरंगिनी ( ) सरोवर ( )

प्रश्न 8. नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

गुण × ______ मीठा × ______

प्रश्न 9. नीचे देश संयुक्त अक्षर से एक-एक शब्द बनाइए। (2)

क्ष – ______ त्र – ______ ज्ञ– ______ श्र– ______

प्रश्न 10. नीचे दिए शब्दों को बहुवचन में परिवर्तित कीजिए। (2)

चना घड़ा बच्चा डंडा

प्रश्न 11. शुद्ध शब्दों के सामने (✓) लगाइए। (2)

दुनीया ( ) दूनिया ( ) दुनिया ( ) दूनीया ( )

बहुमूल्य ( ) बहूमुल्य ( ) बहुमूलय ( ) बहुमूलय ( )

प्रश्न 12. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4)

क) संज्ञा किसे कहते हैं?यह कितने प्रकार के होती हैं?

ख) सर्वनाम के सभी भेदों के नाम लिखिए?

## (खंड – ग व्याकरण अवबोधन)

प्रश्न 13. प्रधानाचार्य को 2 दिन का अवकाश मांगने के लिए पत्र लिखिए। (5)

प्रश्न 14. वर्षा ऋतु (अथवा) दीपावली पर 250 शब्दों में निबंध लिखें। (6)

प्रश्न 15. शरबत के ऊपर एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

***ALL THE BEST***